हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 15 जुलाई 2019, बरेली, उत्तर प्रदेश, 21 [illegible] www.livehindustan.com
Page No : 06 TOP

आठवीं श्री राममूर्ति मैमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रविवार को पुरस्कार वितरण किया गया।

मुरादाबाद की सुहाना ने मारी खिताबी हैट्रिक

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

आठवीं श्री राममूर्ति मैमोरियल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बरेली की झोली खाली ही रह गई। अंतिम दिन पुरुष एकल में गाजियाबाद के अभिनव बेलवाल और महिला एकल में मुरादाबाद की सुहाना ने खिताबी मुकाबला जीता। सुहाना ने यूथ गर्ल्स और जूनियर गर्ल्स के खिताब पर भी कब्जा कर जीत की हैट्रिक मारी।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में पुरुष एकल के फाइनल में गाजियाबाद के अभिनव बेलवाल ने अंश सब्बरवाल को 11-5, 1-3, 9-11, 11-9, 11-8 के मैराथन मुकाबले में पराजित कर दिया।

सेमीफाइनल में अभिनव ने आगरा के आशुतोष कुमार सिंह को और अंश ने गाजियाबाद के विभोर गर्ग को हराकर फाइनल का टिकट पाया था। महिला एकल के खिताबी मुकाबले में मुरादाबाद की सुहाना ने गाजियाबाद की राधाप्रिया गोयल को 11-5, 11-9, 11-8 से हराया। सुहाना ने प्रयाग की तनु गुप्ता और राधाप्रिया ने प्रयाग की पूजा सिंह को सेमीफाइनल में मात देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

गाजियाबाद का जलवा

सब जूनियर बॉयज में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने अपने ही शहर के शिवम चंद्रा को 14-12, 11-9, 12-14, 11-9 से हराकर खिताब जीता। सब जूनियर गर्ल्स में प्रयाग की अंबिका गुप्ता ने गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को 6-11, 11-7, 11-8, 11-9 से हराया। कैडेट बॉयज के फाइनल में गाजियाबाद के अंकित भाटिया ने लखनऊ के दर्श श्रीवास्तव को 11-9, 11-7, 11-5 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कैडेट गर्ल्स में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही अनिका गुप्ता को 8-11, 11-6, 11-13, 11-8, 1-9 से हराकर जीत हासिल की।

यूथ गर्ल्स का खिताब भी सुहाना के नाम ही रहा

मुरादाबाद की सुहाना ने यूथ गर्ल्स का खिताब भी जीता। यूथ के फाइनल में भी सुहाना ने राधाप्रिया को 11-9, 11-5, 7-11, 11-6 से हराकर जीत हासिल की। जूनियर गर्ल्स के फाइनल में सुहाना ने एक बार फिर राधाप्रिया को हराकर जीत पाई। यूथ बॉयज के खिताब पर गाजियाबाद के पार्थ मिश्रा ने कब्जा जमाया। फाइनल में पार्थ ने अपने ही शहर के विभोर गर्ग को पहला सेट हारने के बाद मैराथन मुकाबले में हराया। पार्थ ने खिताबी मुकाबला 8-11, 11-6, 9-11, 11-7, 11-9,11-7 से जीता। जूनियर बॉयज के फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतम बुद्ध नगर के सार्थ मिश्रा को 12-10, 11-4, 10-12, 11-2 से हराकर जीत हासिल की।

खिलाड़ियों को बांटे गए 70 हजार रुपये

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों को 70 हजार रुपये के कैश पुरस्कार भी दिए गए। यूपीटीटीए के सचिव अरुण कुमार बनर्जी, बरेली टीटी एसोसिएशन के सचिव डा दीपेंद्र कमथान मौजूद रहे।